# प्रेस नोट – थाना पुवांया

## शाहजहाँपुर पुलिस

## दिनांक - 22.02.2025

**थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये का ईनामी हत्या के प्रयास का अभियुक्त गिरफ्तार।**

श्रीमान उपमहानिरीक्षक /पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशनुसार, श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध रोकधाम व गिरफ्तारी वाँछित अभियुक्त के क्रम में थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये का ईनामी हत्या के प्रयास का अभियुक्त गिरफ्तारः -

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 12.01.2025 को वादी मुकदमा श्री प्रमोद कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम कुँवरपुर जप्ती थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर ने थाना पुवायाँ पर तहरीर देकर अवगत कराया कि अभियुक्तगण द्वारा वादी के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर करना तथा मारपीट गाली गलौच करने आदि के सम्बन्ध मे पंजीकृत कराया जिसकी विवेचना वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्री सकतावत सिंह द्वारा की जा रही हैं। उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना बांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया, निर्देशो के क्रम मे दिनांक 28.01.2025 को मुकदमा उपरोक्त मे दो अभियुक्तगण प्रदीप कुमार व प्रदुम्न मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका हैं।

आज दिनांक 22.02.2025 को थाना पुवायाँ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर जेवा बाई पास पुल के नीचे से अभियुक्त गौतम मिश्रा पुत्र अशोक कुमार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम कुंवरपुर जप्ती थाना पुवाया जनपद शाहजहांपुर को समय 06.00 AM पर गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.गौतम मिश्रा पुत्र अशोक कुमार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम कुंवरपुर जप्ती थाना पुवाया जनपद शाहजहांपुर

**पंजीकृत अभियोगः –**

1. मु0अ0सं0 42/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/126(2)/351(3)/109/117(2) बीएनएस थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर

**गिरफ्तार करने वाली टीमः –**

1.व0उ0नि0 श्री सकतावत सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

2. उ0नि0 श्री नेपाल सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

3.का0 2784 अंकित कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर